hepatitis australia

हेपेटाइटिस सी (Hepatitis C) का परीक्षण और उपचार: रोगियों के लिए जानकारी।

यह मार्गदर्शिका आपको उन विभिन्न परीक्षणों के बारे में बताती है जो आपके डॉक्टर हेपेटाइटिस सी के साथ आपकी मदद करने के लिए कर सकते हैं।

जीपी (जनरल प्रेक्टिशनर, सामान्य चिकित्सक) अब हेपेटाइटिस सी के अधिकांश रोगियों का सुरक्षित रूप से प्रबंध और इलाज कर सकते हैं। अधिकांश लोग अपने हेपेटाइटिस सी से छुटकारा पा सकते हैं।



यदि PCR वायरल डिटेक्शन टेस्ट के लिए आपका परीक्षण परिणाम पॉज़िटीव आता है, तो आपको हेपेटाइटिस सी है।



हेपेटाइटिस सी वाले 95% लोग डॉयरेक्ट एक्टिंग (सीधे असर करने वाले) एंटीवायरल (या DAAs) के साथ हेपेटाइटिस सी से ठीक हो सकते हैं। उन्हें लेना सरल है और ज्यादातर लोगों को कोई बुरे दुष्प्रभाव महसूस नहीं होते हैं।

आपका डॉक्टर कुछ परीक्षण करेगा और आपसे कुछ सवाल पूछेगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन सी दवा आपके लिए सबसे अच्छी है। उन्हें यह भी जांचना होगा कि आपके लिवर (यकृत/जिगर) को कोई नुकसान तो नहीं हुआ है।

अन्य परीक्षण

1

जीनोटाइप परीक्षण

हेपेटाइटिस सी वायरस के 6 अलग-अलग जीनोटाइप (या उपभेद) हैं। आपके डॉक्टर को यह पता लगाने की आवश्यकता हो सकती है कि आपको किस प्रकार का जीनोटाइप है ताकि यह फैसला कर सकें कि कौन सी दवा आपकी सबसे अधिक मदद करेगी।

2

सिरोसिस (गंभीर यकृत घाव) के लिए परीक्षण

ऐसे कई परीक्षण हैं जिनका उपयोग आपका डॉक्टर यह पता लगाने के लिए कर सकता है कि क्या लिवर को कोई नुकसान हुआ है। उपयोग किए गए परीक्षण का प्रकार इस बात पर निर्भर हो सकता है कि आप जिस क्षेत्र में रहते/ती हैं वहाँ आप क्या प्राप्त कर सकते/ती हैं:

- **रक्त परीक्षण (बल्ड टेस्ट):** ये आपके लिवर की जांच करते हैं, और देखते हैं कि क्या कोई नुकसान हुआ है।
- **फाइब्रोस्कैन (क्षणिक इलास्टोग्राफी):** यह अल्ट्रासाउंड की तरह एक जल्दी से पूरा होने वाला परीक्षण है जो दर्द रहित है। यह आपके लिवर की कठोरता को मापता है।

3

HCV RNA परीक्षण (कभी-कभी PCR परीक्षण कहा जाता है)

यह रक्त परीक्षण मापता है कि आपके रक्त में हेपेटाइटिस सी वायरस कितना है। इस परीक्षण का उपयोग आमतौर पर केवल यह देखने के लिए किया जाता है कि क्या आपको हेपेटाइटिस सी है। आप उपचार के 12 सप्ताह बाद भी इसका उपयोग कर सकते/ती हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जाए कि यह कारगर रहा है।

4

आपके रक्त में अन्य वायरसों के लिए परीक्षण

यदि आपको हेपेटाइटिस सी है, तो संभव है कि आपको एक और रक्त-जनित वायरस भी हो। आपका डॉक्टर आपको एचआईवी और हेपेटाइटिस बी के लिए परीक्षण करने का सुझाव दे सकता है।

प्रश्न जो आपके डॉक्टर पूछ सकते हैं

आपके डॉक्टर आपसे आपकी मेडिकल हिस्ट्री के बारे में कुछ अन्य प्रश्न पूछ सकते हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए है कि दवा आपके लिए सुरक्षित है। इनमें से कुछ प्रश्न नीचे दिए गए हैं, जो आपको तैयारी करने में मदद करते हैं।

क्या आप कोई अन्य दवा ले रहे/ही हैं?

आपको उन्हें उन सभी दवाओं के बारे में बताना चाहिए जो आप ले रहे/ही हैं, भले ही आपको न लगे कि वे महत्वपूर्ण हैं। इसमें सप्लीमेंट्स (पूरक), हर्बल, पारंपरिक चाइनीज़ और ओवर-द-काउंटर दवाएं शामिल हैं। ये सभी हेपेटाइटिस सी दवाओं के साथ मिश्रित हो सकती हैं और कुछ आपके लिवर को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

क्या आपको कोई अन्य चिकित्सीय समस्याएं हैं?

अपने डॉक्टर को बताएँ कि क्या आपको कोई अन्य बीमारी है। इसका अर्थ यह है कि वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हेपेटाइटिस के इलाज से इसपर असर नहीं पड़ेगा। कुछ स्वास्थ्य समस्याओं के लिए, आपको एक विशेषज्ञ चिकित्सक (स्पेशलिस्ट डॉक्टर) को दिखाने की आवश्यकता हो सकती है।

आप कितनी शराब पीते/ती हैं?

क्योंकि हेपेटाइटिस सी आपके लिवर को प्रभावित करता है, एल्कोहॉल लिवर को हुए किसी भी नुकसान को बदतर बना सकता है। यदि आपको एल्कोहॉल पीने की अपनी मात्रा को कम करने में मदद की ज़रूरत है तो आप अपने डॉक्टर से बात कर सकते/ती हैं।

क्या आप किसी नशीले पदार्थ का उपयोग कर रहे/ही हैं?

यदि आप किन्हीं गैरकानूनी नशीले पदार्थों का उपयोग करते/ती हैं तो अपने डॉक्टर को बताना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, स्टेरॉयड्स या भांग (कैनबिस)। आप अपने डॉक्टर को जो कुछ भी बताते/ती हैं वह गुप्त रहता है।

NATIONAL HEPATITIS INFOLINE
1800 437 222

और अधिक जानकारी

आप
www.hepatitisaustralia.com और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते/ती हैं

संदर्भ
राष्ट्रीय हेपेटाइटिस सी परीक्षण नीति 2020, ASHM

यह संसाधन केवल सामान्य जानकारी के लिए प्रदान किया जाता है और इसका प्रयोजन कानूनी या चिकित्सीय सलाह का स्थान लेना नहीं है। हम आपको यहाँ दी गई जानकारी के आधार पर किन्हीं भी निर्णयों को लेने से पहले स्वतंत्र सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

hepatitis australia